Topic: Puzzle, Input-Output and Blood Relation
Time: 15min
Paper-Maker Monika Awasthi

Directions (1-5): **दी गई जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

आठ मित्र एक वर्गाकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर उन्मुख होकर इस प्रकार बैठे हैं ताकि उनमें से चार व्यक्ति चार कोनों में बैठे हैं जबकि चार प्रत्येक भुजा के मध्य में बैठे हैं। वे सभी अंदर की ओर उन्मुख हैं। उनमें से प्रत्येक की रूचि भिन्न-भिन्न है। सिंगिंग पसंद करने वाला व्यक्ति A के विपरीत बैठा है। ट्रेवलिंग पसंद करने वाला व्यक्ति चारों कोनों में से किसी भी कोने पर नहीं बैठा है। D और B के मध्य केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। F, A के बाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है, A, जो कुकिंग पसंद करता है। पेंटिंग और गार्डनिंग पसंद करने वाले मित्र एक-दूसरे के विकर्णतः विपरीत बैठे हैं। E, F का निकटतम पड़ोसी नहीं है, F, जो रीडिंग पसंद करता है। G किसी भी कोने पर नहीं बैठा है और D के दाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है। G, C का निकटतम पड़ोसी नहीं है। H, B के बाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है। E, G का निकटतम पड़ोसी नहीं है। C पेंटिंग पसंद नहीं करता है। डांसिंग पसंद करने वाला व्यक्ति, A और H का निकटतम पड़ोसी नहीं है। F मेज़ की किसी एक भुजा के मध्य में बैठा है। कोई एक व्यक्ति राइटिंग पसंद करता है। H डांसिंग पसंद नहीं करता है।

Q1. **राइटिंग पसंद करने वाले व्यक्ति के दाएं से दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?**
(a) B
(b) F
(c) सिंगिंग पसंद करने वाला व्यक्ति
(d) H
(e) इनमें से कोई नहीं
L1Difficulty 2
QTags Rectangular/square seating arrangement

Q2. **निम्न में से कौन डांसिंग पसंद करता है?**
(a) E
(b) A
(c) B
(d) C
(e) इनमें से कोई नहीं
L1Difficulty 2
QTags Rectangular/square seating arrangement

Q3. **निम्न में से H के बाएं से तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?**

(a) F

(b) C के ठीक दाएं बैठा व्यक्ति

(c) G

(d) रीडिंग पसंद करने वाला व्यक्ति

(e) इनमें से कोई नहीं

L1Difficulty 2

QTags Rectangular/square seating arrangement

Q4. **निम्न में से G के विषय में कौन सा कथन सत्य नहीं है?**

(a) C, G के दाएं से तीसरे स्थान पर बैठा है

(b) G राइटिंग पसंद करता है

(c) D, G के बाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है

(d) डांसिंग पसंद करने वाला व्यक्ति G का निकटतम पड़ोसी है

(e) दोनों (b) और (d)

L1Difficulty 2

QTags Rectangular/square seating arrangement

Q5. **निम्न में से कौन गार्डनिंग पसंद करता है?**

(a) F के ठीक दाएं बैठा व्यक्ति

(b) A

(c) G

(d) B के विपरीत बैठा व्यक्ति

(e) इनमें से कोई नहीं

L1Difficulty 2

QTags Rectangular/square seating arrangement

Directions (6-10): **दी गई जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़े और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

**एक शब्द और संख्या व्यवस्था मशीन को जब शब्दों और संख्याओं की एक इनपुट पंक्ति दी जाती है, तो वह प्रत्येक चरण में एक निश्चित नियम का अनुसरण करते हुए उन्हें व्यवस्थित करती है। निम्नलिखित इनपुट और पुनर्व्यवस्था का एक उदहारण है:**

**इनपुट**: welcome 37 clever 24 19 rotate 61 student nearest 35 young 88

चरण I: 20 welcome 37 24 rotate 61 student nearest 35 young 88 clever

चरण II: 26 20 welcome 37 rotate 61 student 35 young 88 clever nearest

चरण III: 34 26 20 welcome 37 61 student young 88 clever nearest rotate

चरण IV: 38 34 26 20 welcome 61 young 88 clever nearest rotate student

चरण V: 62 38 34 26 20 young 88 clever nearest rotate student welcome

चरण VI: 90 62 38 34 26 20 clever nearest rotate student welcome young

उपर्युक्त दिए गए चरणों में अनुसरण किये गए नियमों के अनुसार, दिए गए इनपुट के लिए निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में उपयुक्त चरण ज्ञात कीजिये।

**इनपुट: 43 fighter 77 system 27 brave 32 operation 20 master 23 project**

Q6. **निम्न में से चरण IV में कौन सा तत्व दायें छोर से तीसरे तत्व के बाएं से चौथे स्थान पर है ?**

(a) 22
(b) master
(c) 77
(d) brave
(e) इनमें से कोई नहीं

L1Difficulty 2
QTags Input-Output

Q7. **निम्न में से चरण III में बाएं छोर से छठा तत्व कौन-सा है?**

(a) 43
(b) Operation
(c) 32
(d) System
(e) इनमें से कोई नहीं

L1Difficulty 2
QTags Input-Output

Q8. **चरण V में बाएं छोर से चौथी संख्या और चरण II में बाएं छोर से तीसरी संख्या का योग कितना है?**

(a) 38
(b) 67
(c) 50
(d) 47
(e) इनमें से कोई नहीं

L1Difficulty 2
QTags Input-Output

Q9. **चरण III में बाएं छोर से पाँचवी संख्या के अंको (संख्या के भीतर) का गुणनफल कितना है?**

(a) 64
(b) 50

(c) 49
(d) 25
(e) इनमें से कोई नहीं
L1Difficulty 2
QTags Input-Output

Q10. **निम्न में से चरण V में कौन सा तत्व दायें छोर से दसवें तत्व के दाएं से छठे स्थान पर है?**
(a) Fighter
(b) Brave
(c) 77
(d) 22
(e) इनमें से कोई नहीं

L1Difficulty 2
QTags Input-Output

Direction (11-13): **दिए गए प्रश्नों में, प्रतीक चिह्न #, &, @, * , $, % और © नीचे दर्शाए गए अर्थ के आधार पर प्रयोग किए गए हैं। दी गई जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

A@B- A, B की संतान है।

A©B- A, B के अभिभावक है।

A%B- A, B के ससुर है।

A&B- A, B का ब्रदर-इन-लॉ है।

A$B- A, B का भाई है।

A*B- A, B की पत्नी है।

A#B- A, B की सिस्टर-इन-लॉ है।

Q11. **यदि व्यंजक 'P©Q$R@T#U, U@X©P' सत्य है, तो Q, X से किस प्रकार सम्बंधित है?**
(a) ग्रैंडडॉटर
(b) पुत्री
(c) दामाद
(d) ग्रैंडसन
(e) इनमें से कोई नहीं
L1Difficulty 2
QTags Blood Relation

Q12. **यदि व्यंजक 'A%D*E@F©K$H' सत्य है, तो निम्न में से कौन H की सिस्टर-इन-लॉ है?**

(a) E
(b) D
(c) A
(d) F
(e) इनमें से कोई नहीं

L1Difficulty 2
QTags Blood Relation

Q13. **यदि व्यंजक 'G&M*N@P©K*L', 'G$N' सत्य है, तो निम्न में से कौन-सा सत्य है?**

(a) N, K की बहन है
(b) G, P का पुत्र है
(c) L, P की पुत्रवधू है
(d) K, N का भाई है
(e) कोई सत्य नहीं है

L1Difficulty 2
QTags Blood Relation

Q14. **शब्द 'RESTRICTIONS' में वर्णों के ऐसे कितने युग्म है, जिनमें से प्रत्येक के मध्य शब्द में उतने ही वर्ण हैं, जितने कि उनके मध्य अंग्रेजी वर्णमाला में होते हैं?**

(a) एक
(b) दो
(c) तीन
(d) चार
(e) चार से अधिक

L1Difficulty 2
QTags Reasoning

Q15. **शब्द 'SMARTPHONE' के पहले, पांचवें, छठे और आठवें वर्ण के केवल एक ही बार प्रयोग करने से कितने शब्द बनाएं जा सकते हैं?**

(a) दो
(b) एक
(c) कोई नहीं
(d) तीन
(e) तीन से अधिक

L1Difficulty 2

QTags Reasoning

Solutions

Solutions (1-5):
Sol.




S1. Ans.(d)
S2. Ans.(c)
S3. Ans.(b)
S4. Ans.(b)
S5. Ans.(a)

Solutions (6-10):
In each step only one word and one number is getting arranged.
(i)The words are arranged in ascending order according to the English alphabetical series from left to right.
(ii)- Numbers are arranged in increasing order from left. If number is prime number add 1 in that number. if number is even (except prime number) add 2 and if number is odd number (except prime number) subtract 1 in that number. In the final step numbers are arranged in decreasing order from left end and words are arranged in increasing order.

Input: 43 fighter 77 system 27 brave 32 operation 20 master 23 project
Step I: 22 43 fighter 77 system 27 32 operation master 23 project brave
Step II: 24 22 43 77 system 27 32 operation master project brave fighter
Step III: 26 24 22 43 77 system 32 operation project brave fighter master
Step IV: 34 26 24 22 43 77 system project brave fighter master operation
Step V: 44 34 26 24 22 77 system brave fighter master operation project
Step VI: 76 44 34 26 24 22 brave fighter master operation project system

S6. Ans.(c)
S7. Ans.(d)
S8. Ans.(b)
S9. Ans.(c)
S10. Ans.(a)

Solutions (11-13):

S11. Ans.(d)

Sol.




S12. Ans.(b)

Sol.




S13. Ans.(b)

Sol.




S14. Ans.(e)

S15. Ans.(e)